

सचिन तेंडुलकर और बीसीसीआई ने जताया शोक

# वसंत रायजी का 100 वर्ष की उम्र में निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारत के प्रथम श्रेणी के सबसे वयोवृद्ध क्रिकेटर वसंत रायजी का शनिवार का निधन हो गया। वह 100 साल के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां है। उनके निधन पर सचिन तेंडुलकर और बीसीसीआई ने शोक व्यक्त किया है। तेंडुलकर ने रायजी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए छह महीने पहले उनकी मुलाकात को याद किया।

तेंडुलकर ने ट्वीट किया, 'मैं श्री वसंत रायजी से इस वर्ष की शुरुआत में उनका 100वें जन्मदिन मनाने के लिए मिला था। उनमें क्रिकेट खेलने और देखने के लिए जुनून था। उनके निधन से मेरे दिल को दुख पहुंचा है। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी संवेदना है।' भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। बोर्ड ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'बीसीसीआई को यह जानकर दुख हुआ कि प्रथम श्रेणी के पूर्व क्रिकेटर और इतिहासकार वसंत रायजी का निधन हो गया। उन्होंने इस साल 26 जनवरी को अपना 100वां जन्मदिन मनाया था।'

उनके दामाद सुदर्शन नानावती ने बताया, 'दक्षिण–मुंबई के वालकेश्वर के अपने घर में तड़के दो बजकर बीस मिनट पर नींद में ही उनका निधन हो गया।' दाएं हाथ के बल्लेबाज रायजी ने 1940 के दशक में नौ प्रथम श्रेणी मैच खेले।

वह जब 13 साल के थे तब भारतीय टीम ने बॉम्बे जिमखाना में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। जनवरी में जब रायजी 100 वां जन्मदिन मना रहे थे तब दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव वॉ ने उनसे शिष्टाचार भेंट की थी। बीसीसीआई ने बताया कि रायजी मुंबई में जॉली क्रिकेट क्लब के संस्थापक सदस्य थे और उन्होंने रणजीतसिंहजी, दलीपसिंहजी, विक्टर ट्रम्पर, सीके नायडू और एलपी जय पर किताबें लिखी हैं।

# खिलाड़ियों के लिए नई दुनिया में जीने जैसा होगा कोरोना के बाद क्रिकेट


## गावसकर बोले, मैदान में दर्शकों का ना होना भी खिलाड़ियों को खलेगा

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। घातक कोरोना वायरस का असर क्रिकेट जगत पर भी पड़ा है और तमाम इंटरनेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट और सीरीज फिलहाल स्थगित हैं। इस बीच दिग्गज सुनील गावसकर ने कहा कि कोरोना के बाद क्रिकेट मैच जब होंगे तो यह हर खिलाड़ी के लिए एक नई दुनिया में जीने जैसा होगा।

पूर्व भारतीय कप्तान गावसकर ने शनिवार को एक निजी चैनल से कहा, हर खिलाड़ी के लिए यह थोड़ा मुश्किल होगा, जब वह फिर मैदान पर उतरेंगे। मुझे लगता है कि यह एक नई दुनिया में जीने जैसा होगा। कोरोना के कारण क्रिकेट नियमों में भी अंतरिम बदलाव किए गए हैं और गेंद पर लार लगाने पर भी बैन लगाया गया है। इस पर गावसकर ने कहा कि हर खिलाड़ी के लिए थोड़ी



मुश्किल होगी।

**दर्शक ना होना खलेगाः** उन्होंने कहा, मैदान में दर्शकों का ना होना भी खिलाड़ियों को खलेगा। जब स्टैंड में दर्शक नजर आते हैं, कोई भी टीम खेलती है तो उसी रंग में स्टेडियम रंगा सा दिखता है। दर्शकों के ना होने से काफी खाली सा लगेगा।

**युवाओं को होगी फ्रस्ट्रेशनः** 70 साल के गावसकर ने कहा, श्युवा पीढ़ी के लिए थोड़ा बुरा लगता है। युवाओं में एक एनर्जी होती है लेकिन घर में रहकर उस एनर्जी को रोकना मुश्किल है। घर पर रहने से खिलाड़ियों को कुछ फ्रस्ट्रेशन होती है, उसका सामना करना और ऐसी स्थिति को संभालना बेहद मुश्किल है। जब मैदान पर किसी खिलाड़ी को पसीना आता है, तो उसे काफी अच्छा लगता है लेकिन वहां खेलने का मौका ना मिलना हर किसी को खलेगा।

**क्यों डोनेट किए 59 लाख?:** कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में गावसकर ने भी हाथ बढ़ाए थे और 59 लाख रुपये डोनेट किए। उन्होंने कहा कि उन्होंने भारत के लिए 35 शतक लगाए हैं और इसलिए पीएम केयर्स फंड में 35 लाख रुपये डोनेट किए। उन्होंने कहा, श्मैं आज जो भी हूं, भारतीय क्रिकेट की वजह से हूं। इसलिए 35 शतक को देखते हुए पीएम केयर्स फंड में 35 लाख और मुंबई सीएम रिलीफ फंड में 24 लाख रुपये डोनेट किए लेकिन मेरा मानना है कि यह समुद्र में एक बूंद की तरह है।

**बाएं हाथ से काम, स्पैनिश सीखने की कोशिशः** गावसकर ने बताया कि उन्होंने लॉकडाउन में दो नई चीजें सीखने की कोशिश की। उन्होंने कहा, श्मैं दाएं हाथ से खेलता था, लेकिन लॉकडाउन में मैंने बाएं हाथ से काम करने की कोशिश की। इसके अलावा मैंने स्पैनिश भाषा सीखने की भी कोशिश की क्योंकि कहीं भी जाते हैं तो इससे मदद मिलती है।

# ईसीबी ने कहा, सिस्टम में है नस्लवाद लेकिन बदलाव के लिए प्रतिबद्ध है बोर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने माना कि पूरे देश में उसके क्रिकेट सिस्टम में नस्लवाद है और इससे यह खेल अछूता नहीं है लेकिन बोर्ड इसमें बदलाव लाने को प्रतिबद्ध है। ईसीबी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि हमें मिनिपोलिस में एक श्वेत पुलिसकर्मी द्वारा अफ्रीकी–अमेरिकी जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के बाद 'ब्लैक लाइव्स मैटर' आंदोलन से सीखना चाहिए।

ईसीबी ने कहा, 'हमने हाल के हफ्तों में लोगों से क्रिकेट, खेल और समाज में अश्वेत होने के उनके अनुभवों के बारे में ध्यान से सुना है। इस महत्वपूर्ण विषय पर मुखर होने के लिए हम उनकी प्रशंसा करते हैं।' बोर्ड ने




कहा, 'हम जानते हैं कि नस्लवाद देश भर के संस्थानों और क्षेत्रों के प्रणाली में फैला हुआ है और हमें यह भी पता है कि इससे हमारा खेल (क्रिकेट) भी अछूता नहीं है।' दुनियाभर के खिलाड़ी नस्लवाद के खिलाफ हो रहे विरोध से जुड़ रहे है। इसमें इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और जेम्स एंडरसन के अलावा वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डैरेन सैमी और क्रिस गेल भी शामिल हैं।

इन खिलाड़ियों ने 'ब्लैक लाइव्स मैटर' का समर्थन करते हुए नस्लवाद के खिलाफ बोला। ईसीबी ने कहा, 'हम वास्तव में मानते हैं कि क्रिकेट का खेल सभी के लिए है, लेकिन दुख होता है कि इसका लुत्फ उठाने में कई समुदाय के लिए कुछ बाधाएं है। हमने देश भर में इस खेल को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और बाधाओं को तोड़ने की कोशिश की है। खेल की हमारी संरचना में सुधार करना हमारा संकल्प है।'

## चीन के पेइचिंग में अभी नहीं होंगे खेल, जारी किया नोटिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। कोविड–19 महामारी का असर खेल जगत पर भी पड़ा है और करीब 2 महीने तक किसी भी तरह की सीरीज, टूर्नामेंट आयोजित नहीं किए गए। कुछ लोगों का मानना है कि यह खतरनाक वायरस चीन से शुरू हुआ और अभी पेइचिंग में खेल शुरू नहीं किए जाएंगे। पेइचिंग के नगर खेल प्रतियोगिता प्रशासन केंद्र ने एक नोटिस जारी किया है। नोटिस में खेलों के आयोजन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को पेइचिंग में कोरोना के दो नए मामलों के सामने आने के बाद यह निर्णय लिया गया। इस नोटिस में कहा गया है, श्पेइचिंग में कोविड–19 महामारी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए अगली सूचना तक सभी प्रकार के खेल कार्यक्रमों को अब निलंबित कर दिया गया है। नोटिस के मुताबिक अगली सूचना तक खेल आयोजनों को निलंबित कर दिया गया है।श कोरोना के कारण ओलिंपिक गेम्स को भी अगले साल तक के लिए टाल दिया गया है। चाहे क्रिकेट हो, फुटबॉल, टेनिस, ऐथलेटिक्स या कोई और खेल, फिलहाल सभी पर विराम लगा हुआ है।

## न्यूज डायरी



### शाहिद अफरीदी कोरोना पॉजिटिव, ट्विटर पर लिखा– दुआओं की जरूरत है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है। बता दें कि पाकिस्तानी टीम के पूर्व कप्तान अपने फाउंडेशन के साथ मिलकर लोगों की मदद कर रहे थे और अब वह खुद कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्होंने ट्विटर पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा– मैं गुरुवार से अस्वस्थ महसूस कर रहा हूं। मेरा शरीर बुरी तरह से दर्द कर रहा था। मेरा परीक्षण नहीं हुआ है और दुर्भाग्य से मैं पॉजिटिव पाया गया हूं। शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करें। इंशाअल्लाह..। उल्लेखनीय है कि शाहिद अफरीदी अपने फाउंडेशन के साथ मिलकर लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंदों की मदद कर रहे थे। हालांकि, इस दौरान वह काफी विवादों में भी रहे। इसकी वजह थी भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी और कश्मीर पर उनका बड़बोलापन।

### शिल्पा शेट्टी का बेसुरा संगीत... डेविड वॉर्नर ने उतारी नकल, बोले– बड़ा मजा आया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट की दुनिया से सोशल मीडिया पर नई सनसनी डेविड वॉर्नर ने एक नया वीडियो अपलोड किया है। यह वीडियो बॉलिवुड ऐक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी एक एनिमेटेड वीडियो को मिक्स करके बनाया गया है। इसमें डेविड वॉर्नर शिल्पा को कॉपी करते दिख रहे हैं। वॉर्नर ने इस टिकटॉक वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा– इसने मुझे खूब हंसाया बड़ा मजा आया... इसके साथ ही उन्होंने शिल्पा शेट्टी को टैग भी किया है। बता दें कि इस वीडियो को पहले शिल्पा ने पति राज कुंद्रा के साथ बनाया था। हालांकि, वॉर्नर के वीडियो में राज को क्रॉप किया गया है। उल्लखेनीय है कि इससे पहले भी डेविड वॉर्नर ने भारतीय गानों पर डांस वीडियो शेयर किए हैं। वह अपने टिकटॉक वीडियोज में वाइफ कैंडिस और बेटियों को भी शामिल करते हैं। उल्लेखनीय है कि इंडियन प्रीमियर लीग का मौजूदा सत्र कोरोना वायरस के प्रकोप की वजह से अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

### नरिंदर बत्रा के खिलाफ और पक्ष में आईओसी को भेजे गए पत्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) अपने अध्यक्ष नरिंदर बत्रा को लेकर दो गुटों में बंटता हुआ दिख रहा है। उसके एक उपाध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने जहां अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) को अपनी ताजा अपील में उनके खिलाफ जांच की मांग की है वहीं एक अन्य उपाध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने उनका बचाव किया है। मित्तल ने इससे पहले आईओए अध्यक्ष के रूप में बत्रा के चुनावों में अनियमितताओं को आरोप लगाया था। उन्होंने आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक को एक अन्य ईमेल किया है जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय खेल संस्था के प्रमुख के गलत कामों के सबूत होने का दावा किया है। दूसरी तरफ एक अन्य उपाध्यक्ष सुमरिवाला ने कहा कि वह मित्तल के 'बेबुनियाद आरोपों' से बेहद दुखी हैं जिससे एक ईमानदार और मेहनती अध्यक्ष के सम्मान को चोट पहुंच रही है। बाक ने अभी तक इनमें से किसी का भी जवाब नहीं दिया है। हालांकि उनकी धोखाधड़ी, झूठ, गलत कामों को उजागर करना होगा और इस तरह से इसमें सुधार करना होगा।'

### जब 17 वर्ष की लड़की ने बरपाया था कहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑस्ट्रेलिया। 13 जून, यह वह दिन है, जिसे महिला क्रिकेट वर्ल्ड में बड़े ही इज्जत और गर्व के साथ लिया जाता है। इसी वजह हैं न्यू जीलैंड की एमेलिया केर। इस बल्लेबाज ने महज 17 वर्ष की उम्र में आज ही के दिन 2018 में नाबाद 232 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली थी। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगाते हुए इतिहास रचा था। वह वनडे में दोहरा शतक लगाने वाली सबसे कम उम्र की क्रिकेटर (पुरुष या महिला) हैं, जबकि दोहरा शतक लगाने वाली बेलिंडा क्लार्क के बाद दूसरी महिला क्रिकेटर हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज बेलिंडा क्लार्क का 21 साल पहले बनाया गया नाबाद 229 रनों का वर्ल्ड रेकॉर्ड (महिला क्रिकेट) भी तोड़ डाला। 16 दिसंबर, 1997 को क्लार्क ने डेनमार्क के खिलाफ 155 गेंदों में नाबाद 229 रनों की पारी खेली थी।